**भारत सरकार**
**मानव संसाधन विकास मंत्रालय**
**उच्चतर शिक्षा विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3572**
**उत्तर देने की तारीख: 15.07.2019**

**जनजातीय विश्वविद्यालय**

**3572. श्री उत्तम कुमार रेड्डीः**

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का आंध्र प्रदेश पुनर्गठन विधेयक में किए गए आश्वासन के अनुसार जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**मानव संसाधन विकास मंत्री**
**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क) और (ख): जी, हां। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 में अन्य बातों के साथ-साथ तेलंगाना राज्य में एक केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु परिकल्पना की गई है। राज्य सरकार ने हाल ही में प्रस्तावित जनजातीय विश्वविद्यालय के लिए सभी प्रकार की बाधाओं से मुक्त 335.04 एकड़ की भूमि निर्दिष्ट की है। यह विश्वविद्यालय संसद द्वारा अधिनियमन के पश्चात् कार्यात्मक हो जाएगा।

*****